हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

**तापमान**
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .6 डिग्री

**शहर में आज**
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- जाट शिक्षण संस्था के प्रधान की प्रेसवार्ता दोपहर 2 बजे
- दुर्गा भवन मंदिर में आरती व पूजा अर्चना

## पीजीआईएमएस के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग को पीईटी-सीटी स्कैन मशीन का इंतजार

### कैंसर मरीजों को जांच के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ जाना पड़ रहा

**नई डिजिटल मशीनें तेज स्कैन, बेहतर स्पष्टता और कम रेडिएशन प्रदान करती**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

अलग खबर

रोहतक पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में स्थापित न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग को शुरू हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अत्याधुनिक मशीनों की कमी के कारण यह विभाग अभी पूरी तरह से कार्यात्मक नहीं हो पाया है। खासकर पीईटी-सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के चलते कैंसर मरीजों को अपेक्षित स्तर की जांच और उपचार सुविधा नहीं मिल पा रही है। हालांकि, सरकार द्वारा इन उपकरणों की खरीद के प्रयास जारी हैं और चिकित्सकों को उम्मीद है कि इस


फाइल फोटो

वर्ष बजट मिलने के बाद स्थिति में सुधार होगा। न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग प्रदेश में अपनी तरह का पहला विभाग है, जिसका उद्देश्य कैंसर समेत गंभीर बीमारियों का सटीक और आधुनिक तकनीकों से निदान और उपचार करना है। लेकिन विभाग में अभी तक स्पैक्ट-सीटी, पीईटी-सीटी और गामा कैमरा जैसी जरूरी मशीनें नहीं लग पाई हैं। इन उपकरणों के स्थापित होने के बाद यहां कैंसर की हर प्रकार की जांच अत्यधिक सटीकता के साथ संभव हो सकेगी, जिससे बीमारी की स्थिति और फैलाव का सही आकलन कर उपचार को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पीईटी-सीटी स्कैन के माध्यम से शरीर में सक्रिय कैंसर कोशिकाओं का पता लगाना आसान हो जाता है। यह तकनीक रेडियोधर्मी ट्रेसर का उपयोग कर शरीर के अंदर की गतिविधियों को दर्शाती है, जिससे रोग का शुरुआती चरण में ही पता चल सकता है। इसके अभाव में मरीजों को अक्सर दिल्ली या चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ते हैं। विभाग में शुरू होने वाली न्यूक्लियर थेरेपी सेवाओं से मरीजों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।

#### तीन थेरेपी करवाई जाएंगी

चिकित्सकों का कहना है कि विभाग में कैंसर मरीजों को तीन तरह की थेरेपी मिलेगी। इसमें पहली आयोडीनथॉयरॉयड कैंसर, दूसरी लुटिशियम डोटाटेट थेरेपी व तीसरी लूटेशियम पीएसएमए थेरेपी शामिल है।

**पहली थेरेपी:** थॉयरॉड कैंसर मरीजों को सर्जरी के बाद इस थेरेपी के तहत इलाज दिया जाता है। इसमें शेष बीमारी का थेरेपी से दवा देकर इलाज आसान है।

**दूसरी थेरेपी** : न्यूरो एंडो क्राइन ट्यूमर को इस थेरेपी के जरिए ठीक किया जा सकता है। इसमें मॉलिक्यूल रेडियोएक्टिव के जरिए इलाज दिया जाता है।

**तीसरी थेरेपी** : पुरुषों में होने वाले प्रोस्टेट कैंसर का इलाज इस थेरेपी से किया जाता है। इसमें तीन से चार साइकल मरीज को दी जाती है।

#### 10 आईसीयू बेड देने की घोषणा

हाल ही में समालखा के विधायक और हरियाणा सरकार के युवा एवं खेल मामलों के चेयरमैन मनमोहन भड़ाना ने विभाग को 10 अत्याधुनिक आईसीयू बेड देने की घोषणा की है। इन बेड्स के आने से हाई-डोज रेडिएशन थेरेपी लेने वाले मरीजों को बेहतर देखभाल और रिकवरी सुविधा मिलेगी। पीजीआई प्रशासन का कहना है कि गामा कैमरा की स्थापना और अन्य मशीनों की उपलब्धता के बाद विभाग पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। यदि सरकार जल्द ही आवश्यक उपकरण उपलब्ध करा देती है, तो पीजीआईएमएस रोहतक का न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग न केवल हरियाणा बल्कि आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए भी अत्याधुनिक कैंसर उपचार का बड़ा केंद्र बन सकता है।

#### क्या है पीईटी स्कैन

पीईटी स्कैन (पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) एक उन्नत इमेजिंग परीक्षण है, जो शरीर के अंगों और ऊतकों के कार्य करने के तरीके को देखने के लिए एक रेडियोधर्मी ट्रेसर का उपयोग करता है। यह कैंसर, हृदय रोग और मस्तिष्क विकारों का पता लगाने के लिए बहुत सक्रिय कोशिकाओं (जैसे कैंसर) को स्क्रीन पर हाइलाइट करता है। अक्सर इसे सीटी स्कैन के साथ मिलाकर पीईटी सीटी किया जाता है। इसका उपयोग कैंसर का पता लगाने, बीमारी के चरण को निर्धारित करने, उपचार की प्रतिक्रिया देखने और यह जांचने के लिए किया जाता है कि इलाज के बाद कैंसर वापस तो नहीं आया है। कैंसर के अलावा, यह मिर्गी, अल्जाइमर और हृदय रोगों (हृदय की मांसपेशियों में रक्त प्रवाह की कमी) के निदान में भी मदद करता है।

#### न्यूक्लियर मेडिसिन

न्यूक्लियर मेडिसिन (नाभिकीय चिकित्सा) एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है, जिसमें रेडियोधर्मी पदार्थों की कम और सुरक्षित मात्रा का उपयोग कर रोगों का निदान और उपचार किया जाता है। यह तकनीक शरीर के अंगों की कार्यप्रणाली जैसे ब्लड फ्लो और मेटाबॉलिज्म को दर्शाती है, जिससे कैंसर, हृदय रोग और थायरॉयड जैसी बीमारियों का शुरुआती चरण में पता लगाया जा सकता है। इसमें रेडियोट्रेसर शरीर में इंजेक्शन, सांस या मुंह के जरिए दिया जाता है, जो प्रभावित हिस्सों में जमा होकर स्कैन में दिखाई देता है। यह तकनीक ट्यूमर कोशिकाओं को लक्षित कर उपचार में भी सहायक होती है।

#### कैंसर मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा

न्यूक्लियर मेडिसन डिपार्टमेंट को पीईटी स्कैन मशीन मिलनी है। इस मशीन के आने के बाद कैंसर मरीजों को काफी बेहतर उपचार मिल सकेगा। -डॉ. एसके सिंघल निदेशक पीजीआईएमएस

**खबर संक्षेप**

### व्यक्ति के साथ मारपीट हमलावर पर केस दर्ज

**लाखन माजरा।** लाखन माजरा गांव में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी सुरेश पुत्र रामधारी ने बतायया कि करीब डेढ़ माह पूर्व उसकी उसके चाचा के लड़के कुलदीप के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसके कारण वह उससे रंजिश रखने लगा। गत दिवस दोपहर साढ़े 11 बजे कुलदीप उसके घर के सामने आया और उसको आवाज लगाने लगा। वह अपने घर से बाहर आया तो उसने उसको गंदी गालियां दी। कुलदीप के हाथ में एक सरिया था। वह उसको देखकर गली से वापस घर की ओर भागने लगा तो उसने उसका रास्ता रोक कर टांग पर सरिया मारा। चोट लगने से वह गली में गिर गया। पुलिस ने कुलदीप के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बाइक चोरी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, सल्लारा मोहल्ला निवासी सुरेश ने शिकायत दी थी कि 19 फरवरी को वह अपनी मोटरसाइकिल डेयरी के बाहर खड़ी कर एक्टिवा पर किसी काम से गया था। वापस लौटने पर उसकी बाइक गायब मिली। मामले की जांच सहायक उप-निरीक्षक राजेश द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर 4 मई को कार्रवाई करते हुए आरोपियों विशाल पुत्र जगतराय और रवि पुत्र राजकिशोर, निवासी पटना (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है, जबकि पुलिस इस घटना के अलावा अनय मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

## आरटीओ कार्यालय कन्हेली में एसीबी की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप

# आरटीओ निरीक्षक और सहायक सचिव एक लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**150 वाहनों पर साढ़े 10 लाख मासिक मांगने का आरोप**

**कई दिनों से मिल रही थीं शिकायतें, अन्य भी रडार पर**

**निदेशक बोले-भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति रहेगी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आरटीओ कार्यालय, गांव कन्हेली के निरीक्षक राकेश राणा को 1 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जबकि मनीष मदान सहायक सचिव को इस मामले में संलिप्तता के चलते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी निरीक्षक राकेश राणा को एसीबी की टीम ने महर्षि दयानन्द कॉलोनी से पकड़ा। इस संबंध में थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, में धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ब्यूरो की यह कार्रवाई यही नहीं थमी है। अभी कई और अफसर रडार पर हैं। वहीं कार्रवाई की वजह से आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। सूत्रों का तो यहां तक कहना हैकि कई दिन से यहां कार्यरत

एसीबी की गिरफ्त में आरोपी


कर्मचारियों की शिकायतें मिल रही थी। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता जो निजी बसों व ट्रालों के साझेदारी व्यवसाय से जुड़ा है ने ब्यूरो में शिकायत दी कि उसके ट्राले का चालान आरटीओ विभाग द्वारा किया गया था। चालान जमा करवाने के लिए वह आरटीओ कार्यालय, कन्हेली पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात निरीक्षक राकेश राणा व सहायक सचिव मनीष मदान से हुई। आरोपियों ने शिकायतकर्ता पर दबाव बनाते हुए कहा कि यदि वह सेटिंग नहीं करेगा तो उसके वाहनों के लगातार चालान किए जाएंगे। इस पर आरोपियों ने प्रति वाहन 7,000 रुपये मासिक रिश्वत की मांग की।

#### सौदा 8,00,000 रुपये प्रतिमाह पर तय हुआ

साढ़े 10 लाख रुपये मासिक रिश्वत मांगी गई शिकायतकर्ता के अनुसार उसके व उसके साथियों के लगभग 150 वाहन चलते हैं, जिसके लिए कुल 10,50,000 रुपये मासिक रिश्वत मांगी गई। बाद में यह सौदा 8,00,000 रुपये प्रतिमाह पर तय हुआ, जिसमें से 5,50,000 रुपये शिकायतकर्ता पहले ही दे चुका था। वहीं मंगलवार को आरोपियों को 1,00,000 रुपये की रिश्वत दी जानी थी। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था और सूचना ब्यूरो को दी। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरटीओ कार्यालय कन्हेली के निरीक्षक राकेश राणा को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम ने साक्ष्यों के आधार पर सहायक सचिव मनीष मदान को भी गिरफ्तार कर लिया।

#### यहां करें शिकायत

निदेशक ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 1800-180-2022 तथा 1064 पर देना सुनिश्चित करें।

#### कइयों पर शक की सुई

एसीबी जल्द ही जांच का दायरा बढ़ाएगी। आरोपी कर्मचारियों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की भी जांच होगी। सबूत मिलने पर अन्य कर्मचारी भी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

#### भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा

किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई होगी और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान जारी रहेगा। -डॉ. अर्शिंदर चावला, निदेशक राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो

**गांधी कैंप में देर रात वारदात**

## बेकरी संचालक से मारपीट 2 लाख लूटकर फरार

**बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए देर रात एक सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई। गांधी कैंप इलाके में बेकरी चलाने वाले युवक अंकित से दो बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर करीब 2 लाख रुपये लूट लिए। वारदात रात करीब 11 बजे बजरंग भवन फाटक के पास हुई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। अंकित अपनी बेकरी की दुकान बंद कर दिनभर की नकदी लेकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह बजरंग भवन फाटक के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे दो युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने पहले अंकित के साथ हाथापाई की और फिर उसे जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा। इसके बाद उसके पास मौजूद करीब 2 लाख रुपये छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल अंकित ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को संभालते हुए घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में लूट की पुष्टि हुई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस विभिन्न एंगल से जांच कर रही है, जिसमें आसपास के संदिग्धों से पूछताछ भी शामिल है।

## सांपला : सूने घर से नकदी व आभूषण ले उड़े बदमाश

**मकान मालिक रोहित अपने परिवार के साथ रोहतक गए थे**

**पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

सांपला के वार्ड 12 स्थित लांडी गली में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक रोहित अपने परिवार के साथ रोहतक गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और संदूक के लॉक भी तोड़े गए थे। जांच में सामने आया कि घर से करीब साढ़े तीन लाख रुपये नकद के साथ सोने-चांदी के जेवरात गायब हैं, जिनमें अंगूठियां, कड़े, कानों के आभूषण, चांदी की चेन और सिक्के शामिल हैं। इसी रात पास के एक अन्य मकान में भी ताले टूटने की घटना सामने आई, हालांकि वहां से कितना सामान चोरी हुआ है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। दोनों घटनाओं का समय एक ही होने से पुलिस को शक है कि इसमें एक ही गिरोह शामिल हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने इलाके में रात के समय गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## सत्यवान हत्याकांड : एक और आरोपी गिरफ्तार

**अब तक पांच पकड़े गए, खरावड़ बाइपास पर की थी वारदात**

**रोहतक।** पुलिस ने खरावड़ आउटर बाइपास के पास युवक सत्यवान को गोली मारकर अपहरण एवं हत्या के मामले में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, 20 फरवरी को सूचना मिली थी कि खरावड़ आउटर बाईपास पुल के पास एक ब्रेज़ा गाड़ी पर गोलियों के निशान हैं और मौके पर खून व खाली खोल पड़े हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो गाड़ी के आधार पर युवक की पहचान सत्यवान निवासी गांव खेड़ी साध, रोहतक के रूप में हुई। शिकायत के आधार पर थाना आईएमटी में मामला दर्ज किया गया। सत्यवान अपने बेटे को परीक्षा दिलाने के लिए खरखौदा गया था और बाद में सांपला की ओर गया था, जहां हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उसका अपहरण कर लिया। चार दिन बाद 24 फरवरी को उसका शव जेएनएल नहर, कन्हेली-पहरावर रोड से बरामद हुआ। 4 मई को पुलिस ने आरोपी सोमबीर पुत्र नरेंद्र निवासी मदीना को गिरफ्तार किया है।

## संबद्ध कॉलेजों के साथ बेहतर समन्वय से बढ़ेगी शैक्षणिक गुणवत्ता: प्रो. पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति में संबद्ध महाविद्यालयों की भूमिका अहम है। उन्होंने प्राचार्यों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत में कहा कि विश्वविद्यालय और कॉलेजों के बीच बेहतर समन्वय से ही समग्र विकास संभव है। कुलपति ने


**रोहतक।** मदवि कुलपति प्रो . मिलाप पूनियां को सम्मानित करते विभिन्न कॉलेज प्राचार्य प्रतिनिधिमंडल।

बताया कि भविष्य में संबद्ध महाविद्यालयों के साथ संयुक्त क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य शिक्षकों और प्रशासनिक स्टाफ की दक्षता बढ़ाना और नई शैक्षणिक पहलों को बढ़ावा देना है। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. राजवंती शर्मा, डॉ. जयपाल शर्मा, डॉ. रश्मि गुप्ता और डॉ. तरुणा मल्होत्रा शामिल रहे। प्राचार्यों ने विश्वविद्यालय को आश्वस्त किया कि वे शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा प्रक्रिया और सामाजिक कार्यों में पूरा सहयोग देंगे।

## बच्चों के दीवार पर कूदने को लेकर विवाद, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

महम थाना क्षेत्र के गांव निंदाना में छोटे बच्चे दीवार पर कूदा फांदी कर रहे थे। पड़ोसी ने उनको ऐसा करने से रोका और उनको डांट दिया। इस बात से बच्चों के परिजन खफा हो गए और मामला मारपीट तक जा पहुंचा। पुलिस को दी शिकायत में निंदाना तिगरी गांव निवासी रविंद्र पुत्र ईश्वर ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। बंटू पुत्र मेद सिंह उसका पड़ोसी है। बंटू के बच्चे उसकी दीवार कूद रहे थे। उसने बच्चों को धमका दिया। इस बात से बंटू रंजिश रखने लगा। रविंद्र का कहना है कि जब वह कूड़ा डालने के लिए घर से निकला तो बंटू ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। उसकी पत्नी ज्योति ने उसके सिर में फुंकनी मार दी। जिस वजह से उसका सिर फूट गया और उसके सिर से खून बहने लगा। झगड़े की आवाज सुनकर उसका पिता ईश्वर वहां पर आ गया। उसके बाद भी वे नहीं रुके। वे छत पर चढ़ गए और छत से ईंटें बरसाने लगे। ईंटे उसको और उसके पिता को लगी। ईंटें लगने से वे गली में गिर गए। बीच बचाव करने के लिए उनका पड़ोसी सुरेंद्र आ गया। ज्योति ने उसके सिर में भी फुंकनी मारी। तीनों घायलों को उपचार के लिए लाखन माजरा सीएचसी में ले जाया गया। तीनों को चिकित्सकों ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। बंटू और उसकी पत्नी ज्योति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जाट शिक्षा समिति के तीन कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी का चुनाव 17 मई को

**रोहतक।** जाट शिक्षा समिति द्वारा संचालित तीन प्रमुख कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के चुनाव को लेकर चल रही प्रक्रिया को अब न्यायिक मंजूरी मिल गई है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गत 1 मई को हुई सुनवाई के दौरान स्पष्ट आदेश दिए हैं कि जारी चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह उचित है और इसे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न कराया जाए। इस फैसले से चुनाव प्रक्रिया को लेकर चल रही अनिश्चितता खत्म हो गई है और अब सभी तैयारियां तय समय के अनुसार आगे बढ़ेंगी। चुनाव अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले घोषित 27 मार्च का चुनाव कार्यक्रम यथावत रहेगा। डॉ. राणा ने आगे बताया कि जाट कॉलेज, महारानी किशोरी कॉलेज और सीआर बीएड कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के 11 सदस्यों तथा स्टाफ प्रतिनिधियों के लिए मतदान 17 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कराया जाएगा।

**राहत** | नक्शे पास करवाने से लेकर अतिक्रमण हटाने तक में मिलेगी पूरी मदद

# एचएसवीपी व नगर निगम में भी तैनात होंगे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा सरकार शहरी और ग्रामीण प्रशासन को गति देने के लिए पटवारियों की तैनाती का दायरा बढ़ाने जा रही है। अब राजस्व विभाग तक सीमित रहने के बजाय पटवारी वन विभाग, म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, अर्बन लोकल बॉडी और पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) जैसे सात प्रमुख विभागों में भी नियुक्त किए जाएंगे। हाल ही में करीब 2700 पटवारियों की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जमीन से जुड़े कार्यों में देरी खत्म कर विकास परियोजनाओं को तेज रफ्तार देना है।

**पटवारियों की तैनाती से तेज होगी विकास की रफ्तार**



हरिभूमि खास

#### जल्द हो सकेगा समस्याओं का समाधान

इस फैसले से शहरी परियोजनाओं जैसे सड़क निर्माण, कॉलोनियों का विकास, ड्रेनेज सिस्टम और सार्वजनिक ढांचे के विस्तार में आने वाली बाधाएं कम होंगी। साथ ही सरकार भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण पर भी जोर दे रही है। प्रशिक्षित पटवारी आधुनिक तकनीकों से लैस होंगे, जिससे रिकॉर्ड को ऑनलाइन अपडेट करना, पारदर्शिता बढ़ाना और विवादों को कम करना आसान होगा। इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और भ्रष्टाचार पर भी नियंत्रण संभव होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। किसानों को फसल बीमा, मुआवजा, जमीन के कागजात और सीमांकन जैसे कामों के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर पटवारी उपलब्ध होने से समस्याओं का समाधान जल्दी होगा।

#### भूमि संबंधी प्रक्रियाएं अहम

लगभग हर सरकारी योजना और निर्माण कार्य में भूमि संबंधी प्रक्रियाएं अहम होती हैं। नक्शा पास कराने, सीमांकन, भूमि अधिग्रहण, रिकॉर्ड सत्यापन और अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों में पटवारी की केंद्रीय भूमिका होती है। अभी तक कई विभागों में पटवारियों की कमी के कारण फाइलें अटक जाती थीं और लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। नई व्यवस्था के तहत जिला स्तर पर कम से कम एक पटवारी की नियुक्ति अनिवार्य की जा रही है, जबकि बड़े शहरों के नगर निगमों में जरूरत के अनुसार अधिक पटवारी तैनात किए जा सकेंगे।

#### पटवारियों की विभागवार जिम्मेदारियां तय

विभिन्न विभागों में पटवारियों की जिम्मेदारियां भी स्पष्ट की गई हैं। वन विभाग में वे जंगल की जमीन का रिकॉर्ड और अतिक्रमण पर नजर रखेंगे, जबकि चकबंदी में भूमि पुनर्गठन का कार्य संभालेंगे। शहरी निकायों में वे संपत्ति रिकॉर्ड, टैक्स निर्धारण और अवैध कब्जों की पहचान करेंगे। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में अनधिकृत निर्माण पर निगरानी और एचएसवीपी में प्लॉट व सेक्टर रिकॉर्ड का प्रबंधन करेंगे।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करेंगे प्रदर्शनी का अवलोकन, प्रतिभाशाली छात्रों का होगा सम्मान

# सुपवा की 'अभिव्यंजना' बनी आकर्षण का केंद्र

## कला के रंगों संग छाया मनोरंजन का जादू, छात्रों की कलाकृति की धूम





रोहतक। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अभिभावक व अन्य तथा आर्ट वर्क को प्रदर्शित करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में आयोजित कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' कला व मनोरंजन का संगम बनकर उभर रही है। मंगलवार से आम लोगों के लिए खोली गई इस प्रदर्शनी में काफी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित फैकल्टी ऑफ डिजाइन बिल्डिंग में लगी यह प्रदर्शनी हर उम्र के लोगों को आकर्षित कर रही है। कला के अलग-अलग रूपों के साथ मनोरंजन की भी झलक यहां देखने को मिल रही है। डीएलसी सुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि गुरुवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल कला प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचेंगे। इस दौरान एफटीवी डिपार्टमेंट के मिनी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें वह फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के करीब 49 छात्रों को सम्मानित करेंगे। 19 बच्चों को बेस्ट आर्ट वर्क अवॉर्ड दिया जाएगा, जबकि 30 छात्रों को प्रशंसा पदक दिया जाएंगे। इन छात्रों में विजुअल आर्ट्स के तहत संचालित सभी विभागों के छात्र शामिल हैं। कला प्रदर्शनी में पेंटिंग, स्कल्प्चर, इंस्टॉलेशन आर्ट, फोटोग्राफी, ग्राफिक डिजाइन, एनिमेशन व पारंपरिक कलाओं सहित अनेक विधाओं के दो हजार से अधिक आर्ट वर्क्स प्रदर्शित किए गए हैं। इन कलाकृतियों में जहां छात्रों की आधुनिक सोच व रचनात्मकता दिखाई दे रही है, वहीं भारतीय संस्कृति व परंपराओं की झलक भी स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। खास बात यह है कि हर कलाकृति अपने आप में एक संदेश देती है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर रही है।

### ट्विक्स आर्ट में दिखाई प्यार शब्द की व्यापकता

यूनिवर्सिटी के छात्र हर्षुल ने एक अलग तरह की आर्ट वर्क को प्रदर्शित किया है। यहां उन्होंने पेड़ की टहनियों के टुकड़ों से प्यार (लव) शब्द की व्यापकता को दिखाने का प्रयास किया है। इस कला को उन्हें ट्विक्स आर्ट नाम दिया है। उन्होंने लकड़ियों के टुकड़ों से लव शब्द में इस्तेमाल होने वाले अक्षर बनाए हैं और उन्हें तार से एक दूसरे से जोड़ा है। कला की खास बात यह है कि इसके लिए आसमान को कैनवास के रूप में इस्तेमाल किया गया है। आर्ट को ऊंचाई पर लटकाया गया है और जब आसमान की तरफ देखते हैं, तो शब्द दिखाई देते हैं।

### बिना लाइन खींचे शब्दों से तैयार किए चेहरे

कला प्रदर्शनी में अलग-अलग तरह की कलाकृतियां आकर्षित कर रही हैं। छात्रों ने टाइपोग्राफी आर्ट में शानदार चित्र बनाए हैं। इसमें बिना लाइन खींचे, शब्दों से प्रसिद्ध हस्तियों के चित्र तैयार किए हैं। शब्दों में भी उन हस्तियों के नाम, उनकी बोली गई बातों का इस्तेमाल किया गया है। लता मंगेशकर के चित्र में उनके गीतों के शब्द हैं, तो रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र में उनकी बातें हैं। यहां किशोर कुमार, शाहरुख खान, अनिल कपूर के साथ कई चर्चित हस्तियों के चित्र हैं।

### तबले की शानदार धुनों ने बांधा समां

फैकल्टी ऑफ डिजाइन की बिल्डिंग के कोर्ट यार्ड में एक स्टेज भी तैयार किया गया है। प्रदर्शनी की शुरुआत में यहां पर चंडीगढ़ से आए श्याम थापा व उनके ग्रुप ने बांसुरी, सितार व तबले की शानदार धुनों की शानदार प्रस्तुति दी। रोज शाम को साढ़े 6 बजे से 8 बजे तक मंच सभी के लिए ओपन रहता है, जहां पर स्टूडेंट अपनी प्रस्तुति देते हैं। यहां पर बने रैंप हॉल में पेंटिंग सेकंड ईयर के छात्रों ने पीओपी की मदद से जोमेट्रिकल पैटर्न तैयार किए हैं, जिन्हें सभागार की छत से लटकाया गया है।

### सेल्फी प्वाइंट व स्टॉल भी खींच रहे ध्यान

प्रदर्शनी के अलग-अलग जगह पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जहां लोग खूब फोटो करा रहे हैं। यूनिवर्सिटी के छात्रों ने प्रदर्शनी में कुछ स्टॉल भी लगाए हैं, जिन पर खुद से तैयार की गई चीजों को प्रदर्शित किया है। लोग स्टॉल से इन चीजों को खरीद भी सकते हैं। इनमें फूड स्टॉल भी शामिल हैं। इसके अलावा मेकअप के साथ सजावटी सामान भी स्टॉल पर उपलब्ध है।

# मनोहर लाल ने बदले प्रदेश की राजनीति के मायने : ग्रोवर



रोहतक। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व मेयर राम अवतार वाल्मीकि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ पूर्व मंत्री ने कहा, मनोहर लाल ने बतौर मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा में पारदर्शी सिस्टम की मजबूत नींव रखी

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष में मंगलवार को विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण अभियान तथा हवन-यज्ञ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि मनोहर लाल हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने प्रदेश में पारदर्शिता और ईमानदारी को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की, जिससे व्यवस्था में सुधार हुआ। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि मनोहर लाल ने हर वर्ग के कल्याण के लिए समान रूप से काम किया और समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू कीं। इससे पहले, दिल्ली रोड स्थित कैंप कार्यालय में हम और आप सोशल वेलफेयर समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्तदान कर मिसाल कायम की वही, सेक्टर-3 सीनियर सिटीजन क्लब में और बनियानी गांव में पौधरोपण कार्यक्रम किए गए। साथ ही आर्य नगर में हवन यज्ञ कार्यक्रम हुआ।

### ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित

इस अवसर पर नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने मनोहर लाल के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी, रोहतक ब्लॉक समिति अध्यक्ष खुशीराम हुड्डा, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया, समाजसेवी पवन आहूजा, हिमांशु ग्रोवर, व्यापारी नेता गुलशन निझावन, पार्षद कपिल नागपाल, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, पार्षद सुशील नांदल, नरेश काला बोहर, पार्षद सुरेश किराड़, अमित जोजी, दीपू नागपाल, पंकज आनंद, तरुण ढुआ, हर्षित मिगलानी, अनिल नांदल आदि मौजूद रहे।





# रंश किआ में किआ सायरोस का तीन रंगों में लॉन्च, पहले दिन 15 लोगों ने की बुकिंग

■ सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड रूप से शामिल

**रोहतक।** रंश किआ में मंगलवार को किआ की नई एसयूवी "साइरोस 2026" का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निखार ग्रुप के सीडीएम राजिंदर बंसल ने गाड़ी का अनावरण किया। लॉन्च के मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और ऑटोमोबाइल प्रेमी मौजूद रहे। नई सायरोस 2026 को तीन आकर्षक रंगों आइवरी सिल्वर, आइवरी सिल्वर मैट और मैग्मा लाल में पेश किया गया है, जो इसे प्रीमियम लुक देते हैं। गाड़ी में ड्यूल पेन पैनोरमिक सनरूफ, 30-इंच ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले, प्रीमियम साउंड सिस्टम और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे हाई-टेक फीचर्स दिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से इसमें 6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड रूप से शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, 8.39 लाख (शुरुआती कीमत) के साथ यह एसयूवी अपने सेगमेंट में फीचर्स और परफॉर्मेंस का बेहतर संतुलन पेश करती है। लॉन्च के पहले ही दिन 15 गाड़ियों की बुकिंग दर्ज होने से ग्राहकों में उत्साह साफ नजर आया। इस अवसर पर रोहित बंसल, प्रीति बंसल, जीएम देवेंद्र राव सहित स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सरपंचों ने भी भाग लेकर नई गाड़ी की खूबियों की सराहना की।

# भारत विकास परिषद के 40वें स्थापना दिवस पर नई कार्यकारिणी का गठन

■ विक्रांत शर्मा अध्यक्ष, विजय गुप्ता सचिव और संजय जैन बने कोषाध्यक्ष

**रोहतक।** भारत विकास परिषद की रोहतक शाखा का 40वां स्थापना दिवस झज्जर रोड स्थित वैश्य महिला कॉलेज रोहतक सभागार में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता उद्योगपति सुरेश बंसल ने की। कार्यक्रम के संयोजक चंद्रसेन जैन रहे और मंच संचालन अर्जुन गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान शाखा के 40 वर्षों के गौरवशाली सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। एक विशेष फिल्म के माध्यम से संगठन द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों को प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सराहा। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। विक्रांत शर्मा को शाखा अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई, जबकि विजय गुप्ता को सचिव और संजय जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शाखा के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।



रोहतक। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी के प्रांगण में कूलर दान करते सेवानिवृत्त हेल्थ इंस्पेक्टर हरि ओम कौशिक।

# सेवानिवृत्त हेल्थ इंस्पेक्टर ने सीएचसी चिड़ी में किया त्रिवेणी पौधरोपण

**रोहतक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी के प्रांगण में मंगलवार को एक सराहनीय पहल देखने को मिली। सेवानिवृत्त हेल्थ इंस्पेक्टर हरि ओम कौशिक ने अपने सेवानिवृत्ति उपरांत त्रिवेणी पौधारोपण किया और साथ ही गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मरीजों की सुविधा के लिए एक कूलर दान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल ने उनके इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं और अन्य लोगों को भी सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को इससे राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पूजा, डॉ. दीक्षा, प्रीति, सोनिया, मंजू, पूनम (नर्सिंग ऑफिसर), हेल्थ इंस्पेक्टर सुरेंद्र अत्री, नीरज सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने हरि ओम कौशिक के इस योगदान की सराहना की और उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।

# सुशासन और पारदर्शिता से हरियाणा में आया बदलाव : डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और पारदर्शी व्यवस्था को मजबूती मिली है। वे मंगलवार को रोहतक में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे, जो मनोहर लाल के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया। सुभाष रोड स्थित मुल्तानी सेवा समिति शनिधाम मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. शर्मा ने मनोहर लाल के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनके प्रशासनिक योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि "बिना पर्ची-बिना खर्ची" के आधार पर युवाओं को रोजगार देने की नीति से सरकारी व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है ।

### पश्चिम बंगाल में लोगों ने विकास पर जताया भरोसा

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ. शर्मा ने पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने विकास और नीतियों पर भरोसा जताया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की ताकत बताते हुए देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ करार दिया। साथ ही असम और पुडुचेरी में भाजपा की पुनः सरकार बनने पर खुशी जताई और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत संगठन की मजबूती और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, राजकुमार उर्फ राजू सहगल और कार्यक्रम संयोजक जेपी गौड़ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुनारियां में किसानों को दी बागवानी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी और अन्य सहायक धंधे अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में उद्यान विभाग द्वारा मंगलवार को गांव सुनारिया में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को विभागीय योजनाओं और आधुनिक खेती के विकल्पों की जानकारी दी गई। डीसी ने कहा कि गोष्ठी में अधिकारियों ने किसानों को आगामी वर्षा ऋतु के दौरान फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बागवानी शुरू करने से पहले की तैयारियों जैसे खेत का ले-आउट तैयार करना, गड्ढे खोदना और पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तार से बताया गया।





# महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हलवा बांटकर मनाई जीत की खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है और पहली बार वहां भाजपा सरकार बनाने जा रही है। भाजपा ने असम में अपनी सत्ता बरकार रखी है। इसके साथ ही पुडुचेरी में सहयोगी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। इस खुशी में महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हलवा बांटकर जीत की खुशी मनाई। पइस दौरान रामचंद्र जांगडा ने बताया कि जिस प्रकार बंगाल में भाजपा की 293 सीटों में से 206 सीटें प्राप्त करके जीत हासिल की है। महम में कार्यकर्ताओं ने इसी खुशी में हलवा खिलाकर खुशी मनाई गई है। जांगडा ने बताया कि महम के सभी कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा प्रभारी नितिन नवीन, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन सभी का धन्यवाद करते हैं। मौके पर महंत सतीश दास, सत्यप्रकाश बिसला, मनोज फरमाणा, अजीत अहलावत, संदीप कुमार, नरेश चेयरमैन आदि रहे।

## मोटिवेशनल

# डिग्री बनाम स्किल्स: युवा क्या चुनें ?



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

आज का युवा एक ऐसे दौर में खड़ा है, जहां विकल्प पहले से कहीं अधिक हैं, लेकिन भ्रम भी उतना ही गहरा है। एक ओर वर्षों से चली आ रही सोच है कि डिग्री ही सफलता की कुंजी है, वहीं दूसरी ओर बदलती दुनिया यह संकेत दे रही है कि स्किल्स यानी कौशल ही असली पहचान बन रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है- आज का युवा डिग्री चुने या स्किल्स? सच यह है कि आज का समय डिग्री बनाम स्किल्स का नहीं, बल्कि डिग्री के साथ स्किल्स का है। **बदलती दुनिया, बदलती मांग** : तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने काम करने के तरीके ही बदल दिए हैं। आज कंपनियां यह नहीं पूछतीं कि आपने कहां से पढ़ाई की है, बल्कि यह जानना चाहती हैं कि आप क्या कर सकते हैं। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, कम्युनिकेशन, समस्या-समाधान और टीमवर्क- ये सभी ऐसे कौशल हैं, जिनकी मांग हर क्षेत्र में बढ़ रही है। एक सर्वे के अनुसार, कई नियोक्ता मानते हैं कि डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों की तुलना में स्किल्ड उम्मीदवार जल्दी सीखते हैं और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। **क्या डिग्री अब बेकार हो गई है?** : बिल्कुल नहीं। डिग्री ज्ञान की नींव देती है, सोच विकसित करती है और अनुशासन सिखाती है। समस्या तब होती है, जब युवा यह मान लेते हैं कि डिग्री मिलते ही सफलता अपने आप मिल जाएगी। आज हकीकत यह है कि केवल डिग्री काफी नहीं है, अगर उसके साथ जरूरी कौशल न हों। डिग्री आपको प्रवेश दिला सकती है, लेकिन आगे बढ़ाने का काम स्किल्स ही करती हैं। **स्किल्स क्यों बन रही हैं सबसे बड़ी ताकत** : स्किल्स आपको आत्मनिर्भर बनाती हैं। आज हजारों युवा ऐसे हैं, जिन्होंने साधारण पृष्ठभूमि से आकर डिजिटल स्किल्स, डिजाइन, कंटेंट राइटिंग, ट्रेनिंग, कंसल्टिंग या तकनीकी कौशल के दम पर अपनी पहचान बनाई है। स्किल्स आपको सीखते रहने की आदत सिखाती हैं, और यही आदत भविष्य में आपको प्रासंगिक बनाए रखती है। युवाओं को क्या करना चाहिए? आज के युवा को यह समझना होगा कि सफलता किसी एक रास्ते से नहीं आती। **पढ़ाई के साथ-साथ नए कौशल सीखें** : इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट और फील्ड अनुभव को महत्व दें। सिर्फ नौकरी खोजने वाला नहीं, समस्या सुलझाने वाला इंसान बनें। हर साल खुद को पहले से बेहतर बनाने का लक्ष्य रखें। आज का युग डिग्री या स्किल्स में से किसी एक को चुनने का नहीं है, बल्कि दोनों के संतुलन का है। डिग्री आपकी सोच को दिशा देती है और स्किल्स आपकी उड़ान को ऊंचाई। जो युवा इस संतुलन को समझ लेता है, वही अपना भविष्य सुरक्षित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी डिग्री है सीखते रहने की इच्छा, और सबसे बड़ा कौशल है- खुद को हर दिन बेहतर बनाना।

# सीटू नेता के घर दबिश क्राइम ब्रांच पर सवाल



**रोहतक।** सीटू से जुड़े एक नेता के घर देर रात कथित रूप से दबिश देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मानेसर क्राइम ब्रांच की टीम बिना नंबर प्लेट की गाड़ी में सादे कपड़ों में पहुंची और परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास किया। इस घटना के विरोध में सीटू नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मिला और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।पीड़ित सीटू नेता विनोद ने बताया कि घटना देर रात करीब 1:30 बजे की है, जब 4-5 लोग खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी में उसके घर पहुंचे। गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी और सभी लोग सादे कपड़ों में थे। उन्होंने घर का गेट जोर-जोर से खटखटाया और गेट न खोलने पर आसपास के रिश्तेदारों के घर भी पहुंचकर दबाव बनाने की कोशिश की। आरोप है कि उन्होंने जबरन गेट खुलवाने का प्रयास किया और परिवार को भयभीत किया। विनोद ने यह भी आरोप लगाया कि मजदूरों के मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलनों के कारण उसे और अन्य नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उसका कहना है कि न्यूनतम वेतन व बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर पूरे एनसीआर में आक्रोश है, लेकिन समाधान करने की बजाय प्रशासन मजदूर नेताओं को डराने और झूठे मुकदमों में फंसाने की कोशिश कर रहा है।

# राजेश जैन ने सामाजिक संस्थाओं की सामूहिक वेबसाइट और वीडियो का किया उद्घाटन





रोहतक। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि राजेश जैन ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सामाजिक संस्थाओं की सामूहिक वेबसाइट और वीडियो का उद्घाटन राजेश जैन ने किया। एमटीएफसी संस्था के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत से इस वेबसाइट का निर्माण किया है, जिसमें रोहतक जिले की अनेक सामाजिक संस्थाओं का विस्तृत विवरण शामिल किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयार एक सामूहिक वीडियो भी कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। राजेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं का एक मंच पर आना बेहद आवश्यक है, इससे सामाजिक कार्यों को नई दिशा और मजबूती मिलती है। संस्था के प्रधान नरेश ढ़ल ने बताया कि वेबसाइट निर्माण में 10 विद्यार्थियों पूजा, सोनिया, सरिता, ज्योति कश्यप, अंजलि यादव, रवि, संजना, ज्योति शाक्या, गौरव और किशन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। अंत में सभी अतिथियों, बच्चों और अभिभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

### दोनों ओर दीवार, अंदर पौधरोपण और वाकिंग ट्रैक से नागरिकों को मिलेगा स्वच्छ व स्वास्थ्यवर्धक वातावरण

# शहर में 68.66 लाख रुपये की लागत से 'मनोहर' बनेगी 'वाटिका'

■ हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए सेक्टर-3 में शुरू किया गया ग्रीन बेल्ट का नवनिर्माण, नाम दिया जाएगा मनोहर वाटिका'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेक्टर-3 स्थित ग्रीन बेल्ट के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस ग्रीन बेल्ट को 'मनोहर वाटिका' नाम दिया जाएगा, जिसका निर्माण 68.66 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। परियोजना के तहत ग्रीन बेल्ट के दोनों ओर दीवार का निर्माण, आंतरिक क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण तथा नागरिकों के लिए सैर (वाकिंग) ट्रैक का निर्माण किया जाएगा।

नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के 72वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इस परियोजना का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, नगर निगम के वार्ड सदस्य तथा संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। मनोहर वाटिका का विकास क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। इससे न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि नागरिकों को सैर करने के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ स्थान भी मिलेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भविष्य में इस ग्रीन बेल्ट में और अधिक सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे, जिससे यह शहर का एक प्रमुख आकर्षण बनेगा। निगम द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

### इस प्रकार के अभियान बहुत जरूरी

■ ग्रीन बेल्ट का विकास क्षेत्रवासियों को उपलब्ध करवाएगा स्वस्थ वातावरण

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए इस प्रकार के अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर-3 ग्रीन बेल्ट का विकास न केवल क्षेत्रवासियों को हरियाली प्रदान करेगा बल्कि उन्हें एक स्वस्थ वातावरण भी उपलब्ध कराएगा। शहर को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाने के लिए निगम लगातार प्रयासरत है। ग्रीन बेल्ट का यह विकास कार्य उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही।

### बरसाती पानी निकासी के लिए किया जा रहा निर्माण, अब नहीं होगा जलभराव

# टीबी अस्पताल के पास 1 किमी लंबी ड्रेन पर खर्च होंगे 1.5 करोड़

डीसी बोले- नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए निर्माण कार्य की दैनिक प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। गोहाना रोड पर नाले के हालात तथा निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। टीबी अस्पताल के समीप लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से नाले का दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का मंगलवार को निरीक्षण करते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की दैनिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके।

इस नाले की कुल लंबाई लगभग एक किलोमीटर है और इसका निर्माण कार्य सुखपुरा चौक के पास से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नाले के पुनर्निर्माण से खोखरा कोट, गोहाना रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही बरसात के पानी की निकासी भी तेजी से सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे आमजन को काफी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपायुक्त को अवगत कराया कि आसपास के कुछ डेयरी संचालक नाले में कचरा व गोबर डाल रहे हैं, जिससे नाला बार-बार जाम हो जाता है। इस पर उपायुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि जो भी डेयरी संचालक नाले में गोबर डालता पाया जाए, उसके खिलाफ तुरंत चालान काटा जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता, एसडीओ सत्यव्रत, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मुकेश, जेई सूर्या धनखड़ तथा सफाई निरीक्षक सुधीर व सचिन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाने के लिए हर स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### डेयरी संचालकों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश

उपायुक्त ने नगर निगम को निर्देश दिए कि डेयरी संचालकों की सुविधा के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए। इस हेल्पलाइन के माध्यम से इच्छुक डेयरी संचालक ट्रॉली के जरिए गोबर का उचित निस्तारण करवा सकेंगे, जिससे नालों में गंदगी फैलने से रोका जा सकेगा। नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि घर-घर से कचरा उठाने वाली गाड़ियों में सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डालना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गीला कचरा मुख्य रूप से रसोईघर से निकलने वाला कचरा होता है, इसलिए हर घर में रसोई के लिए अलग डस्टबिन अवश्य रखा जाना चाहिए।

## पठानिया वर्ल्ड कैम्पस में कैरम स्पर्धा में दूसरी से 5वीं तक के 550 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया वर्ल्ड कैम्पस में 2 से 4 मई तक कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुनीता मोर, सुमन राठी, तरूणा अनेजा और रजनी गुलाटी ने किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में लगभग 550 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन मनदीप बुधवार और सुमित के निर्देशन में किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति रुचि विकसित करना है, जिससे उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना और मानसिक एकाग्रता बढ़े। निर्णायक की भूमिका भी मनदीप और सुमित ने निभाई। परिणामों में कक्षा दो से त्विकक्षतरा प्रथम, तारूष व अन्विका द्वितीय तथा कविश व वीरांश तृतीय रहे। कक्षा तीन में मितांश प्रथम, अंश व लक्ष्य द्वितीय तथा ओजश व अरनव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में वीर प्रथम, अरनव द्वितीय और रियान बजाड़ व वंशिका तृतीय रहे। कक्षा पांच में शिवांश प्रथम, दिग्विजय व जयश्री द्वितीय तथा चारविक व आरविक सांगवान तृतीय रहे। इस अवसर पर निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा रानी पठानिया और प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## भारतनेट से जुड़ेंगी सभी ग्राम पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि भारतनेट परियोजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अधिक से अधिक कनेक्शन जारी कर इस योजना को गति दी जाए। मंगलवार को कैंप कार्यालय में परियोजना की समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि भारतनेट दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण दूरसंचार परियोजनाओं में शामिल है। इसका उद्देश्य गांवों तक डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, जिससे ई-हेल्थ, ई-एजुकेशन और ई-गवर्नेंस जैसी सुविधाएं मजबूत हों। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की सभी 147 ग्राम पंचायतों में स्थित सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पुलिस संस्थानों की सूची तैयार कर उपलब्ध करवाई जाए, ताकि इन स्थानों पर केंद्र सरकार की नीति के तहत मुफ्त ब्रॉडबैंड कनेक्शन दिए जा सकें।

### जारी किए जा चुके हैं 600 कनेक्शन

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 31 मार्च 2027 तक 1400 ब्रॉडबैंड कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 600 कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बीएसएनएल को हर महीने तय लक्ष्य के अनुसार कनेक्शन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बीएसएनएल के महाप्रबंधक सुभाष चंद्र ने बताया कि बीएनयू मॉडल के तहत निजी दूरसंचार कंपनियां भी इस परियोजना से जुड़ सकती हैं।



### छोटूराम पॉलीटेक्निक में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी छात्रों ने किया तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन

**रोहतक।** छोटूराम पॉलीटेक्निक रोहतक में मंगलवार को विद्यार्थियों की तकनीकी प्रतिभा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में संस्थान की छह शाखाओं के करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने तकनीकी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रोजेक्ट्स में नवीन तकनीक, उपयोगिता और रचनात्मकता की झलक साफ देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व निर्णायक मंडल के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक अनिल अग्रवाल, हरवीर अहलावत और इंजीनियर विनय मलिक के अलावा लेफ्टिनेंट आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स का बारीकी से निरीक्षण कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता के परिणामों में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग की संजना ग्रुप को प्रथम स्थान मिला। मेकेनिकल विभाग के धीरज ग्रुप ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि इलेक्ट्रिकल विभाग के वैभव ग्रुप को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. सितेन्द्र पावड़िया ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक और उद्योगोन्मुख शिक्षा देना है।

## पेंशनर्स ने किया संघर्ष का आह्वान, जयपुर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों पर की चर्चा

■ वेलिडेशन एक्ट का विरोध कर इसे पेंशनर्स के हितों के खिलाफ बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा व राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन राजेंद्र सैनी ने किया। बैठक में 29-30 अप्रैल 2026 को जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर फेडरेशन की बैठक पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन में हरियाणा के सात प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पेंशनरों की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा व चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने केंद्र सरकार द्वारा पारित वेलिडेशन एक्ट (25 मार्च 2025) का विरोध करते हुए इसे पेंशनरों के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने सभी साथियों से इस एक्ट के खिलाफ सामूहिक संघर्ष करने का आह्वान किया। महासचिव रोशनी हुड्डा व उपप्रधान धर्मकौर ने भी जयपुर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए एकजुटता पर जोर दिया। कोषाध्यक्ष तुहीराम शर्मा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वरिष्ठ पेंशनर करतार सिंह सहारण ने कहा कि जब तक पेंशनर एकजुट नहीं होंगे, उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी। बैठक में पेंशनरों की मुख्य मांगों में 60, 65 व 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5%, 10% व 15% बढ़ोतरी, एलटीसी बहाली, मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 5000 रुपये करना, कैशलेस सुविधा लागू करना तथा कोरोना काल के 18 महीने के एरियर को 6% ब्याज सहित देने की मांग शामिल रही। अंत में जिला चेयरमैन देबी सिंह देशवाल ने सभी का धन्यवाद किया। बैठक में धर्मबीर सैनी, शमशेर सिंह, बलवान सिंह ढांडा सहित कई पेंशनर मौजूद रहे।




### नेशनल फेडरेशन कप की अंडर-14 स्केटिंग स्पर्धा में आर्यन ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ी छाए

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने 8वें नेशनल फेडरेशन कप-2026 की अंडर-14 स्केटिंग चैम्पियनशिप में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने खेल भावना, अनुशासन और उच्च स्तर के कौशल का परिचय दिया, जिससे पूरा माहौल रोमांचक और प्रेरणादायक बन गया। विद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत और लगन से दर्शकों व आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया। स्केटिंग कोच ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साबित किया कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। प्रतियोगिता में छात्र हार्दिक ने दो सिल्वर मेडल हासिल किए, जबकि जतिन ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.के. खन्ना ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### महिला सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर एसएचओ मीना देवी सम्मानित

**रोहतक।** विशाल हरियाणा कल्याण मंच की ओर से महिला थाना रोहतक की एसएचओ एसआई मीना देवी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और महिला सुरक्षा में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंच के पदाधिकारियों ने महिला थाना पहुंचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रकट किया। मीना देवी के नेतृत्व में महिला सुरक्षा को लेकर कई प्रभावी पहल की गई हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। विशेष रूप से कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं और महिलाओं से संबंधित घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। उनकी संवेदनशील कार्यशैली और त्वरित कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है। इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ सदस्य होशियार सिंह, पूनम प्रधान, कोमल, गायत्री एडवोकेट, साक्षी लांबा, सतीश, प्रदीप सिंह मार, परवीन कलशन, शिवा मेहरा, नीरज,एडवोकेट दयानंद रंगा, ललिता, विनोद अहलावत, अत्तर सिंह, धर्मबीर और सुशील सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**समृद्धि का नया गेम चेंजर** | सीवेज प्रदूषण से मुक्ति और पारंपरिक ट्रीटमेंट के मुकाबले कम लागत और ऊर्जा-कुशल विकल्प

# पराली बनेगी 'सोना': बायोचार से खत्म होगा प्रदूषण, बढ़ेगी पैदावार

### ▶▶| जल, वायु और मिट्टी; तीनों संकटों का एक साथ होगा समाधान





रोहित डागर ▶▶| रोहतक

भारत के बढ़ते शहरीकरण ने जहां एक ओर विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वहीं, दूसरी ओर सीवेज प्रदूषण और पराली प्रबंधन जैसी गंभीर चुनौतियां भी पेश की हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के पर्यावरण विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी नांदल के मार्गदर्शन में शोधार्थी रितू चौधरी ने इन दोनों समस्याओं का एक साथ स्थायी समाधान अब बायोचार तकनीक के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह तकनीक न केवल शहरों के गंदे पानी को साफ करेगी, बल्कि किसानों की आय बढ़ाकर खेती को भी पुनर्जीवित करने की क्षमता रखती है।

**जानिए...क्या है बायोचार तकनीक और कैसे करेगी काम**

बायोचार एक प्रकार का कोयला है, जिसे कृषि अवशेष (जैसे पराली) या सीवेज स्लज को ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में उच्च तापमान पर गर्म करके (पाइरोलिसिस प्रक्रिया) बनाया जाता है। यह तकनीक सीवेज जल में मौजूद नाइट्रोजन और फॉस्फोरस जैसे हानिकारक प्रदूषकों को 70% से 95% तक सोखने में सक्षम है। सीवेज ट्रीटमेंट के पारंपरिक तरीकों की तुलना में बायोचार तकनीक अधिक किफायती और ऊर्जा-कुशल है। पारंपरिक प्रणालियों में जहां भारी रसायनों और बिजली की खपत होती है, वहीं बायोचार एक प्राकृतिक फिल्टर के रूप में काम करता है।




### ये हैं चुनौतियां और सावधानियां

▶▶ **भारी धातुएं** : यदि बायोचार सीवेज स्लज से बनाया है, तो इसमें भारी धातुओं के जमा होने का खतरा है। इसलिए, इसे खेतों में डालने से पहले उचित वैज्ञानिक परीक्षण और गुणवत्ता मानकों का पालन करें।

▶▶ **सरकारी समर्थन** : बायोचार के उपयोग को लेकर स्पष्ट राष्ट्रीय नीति और मानकों का अभाव है। निकायों के पास शुरुआती निवेश के लिए फंड की कमी और तकनीकी प्रशिक्षण का न होना भी बड़ी बाधा है।

### एक साथ तीन समस्याओं का अंत

▶▶ **जल प्रदूषण** : सीवेज के पानी को जहरीला होने से रोकना।
▶▶ **वायु प्रदूषण** : पराली जलाने की समस्या को खत्म कर उसे उपयोगी बनाना।
▶▶ **मिट्टी की उर्वरता** : रासायनिक खाद के बढ़ते बोझ को कम करना।

### खाद की लागत में कमी

बायोचार सीवेज के पानी से पोषक तत्वों को सोख लेता है, तो यह पोषक तत्वों से समृद्ध हो जाता है। किसान जब इस बायोचार को मिट्टी में मिलाते हैं, तो उन्हें महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इससे मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है और फसल की पैदावार में वृद्धि होती है। इससे एक तरफ पानी साफ हो रहा है और दूसरी तरफ किसानों को सस्ती और जैविक खाद मिल रही है।

### लैब से लैंड तक का सफर

बायोचार के उत्पादन की लागत को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं। लैब स्तर पर इसकी लागत भले ही 300–400 रुपये प्रति किलो तक दिखाई देती है, लेकिन इंडस्ट्रियल स्केल (बड़े पैमाने) पर इसके चित्र पूरी तरह बदल जाते हैं। इकोनॉमी ऑफ स्केल के कारण बड़े संयंत्रों में इसकी लागत घटकर 8,000 से 20,000 रुपये प्रति टन तक आ जाती है।

### छोटे शहरों व गांवों के लिए आदर्श

इस तकनीक से छोटे शहरों और गांवों में उपलब्ध पराली और कचरे का उपयोग करके सीवेज का प्रभावी उपचार संभव है, जिससे वहां के स्थानीय किसानों को भी सीधा लाभ मिलता है और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।

**सूचना**

मैं, जयभगवान पुत्र श्री हरदेवा निवासी फरमाना खास, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, उमराव सिंह पुत्र श्री राम सहाय निवासी पाना लंझान गांव रोहद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124501 हाल निवासी वार्ड नंबर-2, देव कॉलोनी, खेड़ी सांपला, तहसील सांपला, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधु गिताअंजली निवासी वार्ड नंबर-2, देव कॉलोनी, खेड़ी सांपला, तहसील सांपला, जिला रोहतक मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जाम का जंजाल

## पुराना बस स्टैंड तिराहा बना 'खतरे का चौराहा'

# जहां से ट्रैफिक सुधरना था, वहीं बिगड़े हालात

एलिवेटेड रोड की एंट्री पर ही शुरू हो जाता है जाम का मकड़जाल, रोजाना बढ़ रहा हादसों का खतरा

■ तीन जिलों की एंट्री, एक तिराहा, दिनभर दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुराना बस स्टैंड तिराहा इन दिनों शहर के सबसे बड़े ट्रैफिक संकट के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। भिवानी, हिसार और रोहतक की ओर जाने वाले वाहनों की मुख्य एंट्री होने के कारण यह तिराहा दिनभर वाहनों के दबाव से जूझता रहता है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि यहां हर रोज जाम लगना आम बात हो गई है और हादसों का खतरा लगातार बना रहता है।

### यहीं से एलिवेटेड रोड भी होता है शुरू

यही वह स्थान है जहां से शहर का एलिवेटेड रोड भी शुरू होता है, लेकिन विडंबना यह है कि जिस जगह से ट्रैफिक को सुचारू होना चाहिए, वहीं सबसे ज्यादा अव्यवस्था देखने को मिल रही है। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब ऑफिस जाने वाले लोग, स्कूल बसें और बाहर से आने वाले भारी वाहन एक साथ इस तिराहे पर पहुंचते हैं।

हरिभूमि सरोकार

### सुबह और शाम के समय स्थिति और भी भयावह







### बिना बस स्टैंड के सड़कों पर खड़ी होती हैं बसें

सबसे बड़ी समस्या यहां बिना किसी तय बस स्टैंड के सड़कों पर खड़ी होने वाली बसें हैं। रोडवेज और प्राइवेट बस चालक मनमर्जी से कहीं भी बस रोक लेते हैं, जिससे पीछे लंबी कतार लग जाती है। यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के दौरान पूरा ट्रैफिक ठप हो जाता है। कई बार तो स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है।

- रोडवेज और प्राइवेट बस चालक मनमर्जी से कहीं भी बस रोक लेते हैं
- कई बार तो स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है

### मुख्य समस्याएं

- बिना निर्धारित स्थान के सड़क पर खड़ी होती बसें
- ट्रैफिक जाम की रोजाना समस्या
- रोड पर सफेद पट्टियां पूरी तरह गायब
- पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं
- ट्रैफिक पुलिस की कमी

### लोग बोले, सफेद पट्टियां गायब

*राहगीरों का कहना है कि इस तिराहे पर रोड पार्किंग पूरी तरह गायब हो चुकी है। सफेद पट्टियां न होने के कारण वाहन चालक लेन का अंदाजा नहीं लगा पाते और मनमाने तरीके से वाहन चलाते हैं, जिससे टक्कर की आशंका बढ़ जाती है। खासकर रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है।*

### वाहनों को सड़कों के किनारे खड़े कर देते हैं

*पार्किंग की व्यवस्था न होना भी इस अव्यवस्था की बड़ी वजह है। आसपास के लोग और दुकानदार अपने वाहन सड़कों के किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क और संकरी हो जाती है। कई बार तो आधी सड़क पार्किंग में ही घिर जाती है, जिससे ट्रैफिक रेंगने को मजबूर हो जाता है।*

### हर सप्ताह कोई न कोई दुर्घटना होती है

*हादसों की बात करें तो स्थानीय लोगों के अनुसार यहां लगभग हर सप्ताह कोई न कोई दुर्घटना होती है। तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी इन हादसों के मुख्य कारण हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।*

### ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी भी नाममात्र

ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी भी यहां नाममात्र की ही देखने को मिलती है। कई बार घंटों तक कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आता, जिससे वाहन चालक अपनी मर्जी से नियम तोड़ते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यहां नियमित रूप से ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए तो काफी हद तक स्थिति सुधर सकती है।

### लोगों की मांग

- बसों के लिए अलग स्टैंड की व्यवस्था हो
- रोड पार्किंग तुरंत करवाई जाए
- स्थायी ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए
- अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई हो
- स्पीड कंट्रोल और संकेतक लगाए जाएं

गाड़ियां खड़ी कर किया काम बंद, कर्मचारियों का मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान

## पांचवें दिन भी जारी रही हड़ताल डोर-टू-डोर कर्मियों ने दिया समर्थन



रोहतक। हड़ताल को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान शम्भू टांक ने की, जबकि मंच संचालन कंवल राणा ने किया। हड़ताल को संबोधित करते हुए शम्भू टांक ने बताया कि नगर निगम में कार्यरत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कर्मचारियों ने भी हड़ताल का समर्थन करते हुए काम बंद कर दिया है। डोर-टू-डोर यूनियन के प्रधान वीरेन्द्र अपने साथ ड्राइवर और हेल्पर साथियों सहित नगर निगम परिसर पहुंचे और सभी कूड़ा गाड़ियों को खड़ा कर दिया। हड़ताल स्थल पर पहुंचे वीरेन्द्र व उनकी टीम का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। इस मौके पर संघ के नेताओं ने आश्वासन दिया कि ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाएगी और उनकी नौकरी पर किसी प्रकार का खतरा नहीं आने दिया जाएगा। इस दौरान अग्निशमन विभाग के जिला प्रधान सोनू हुड्डा भी अपने साथियों सहित समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। हड़ताल में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे, जिनमें राजपाल टांक, रवि चड्डा, शिवकुमार धानक, राकेश लाकड़ा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को और तेज करने का संकेत दिया।

जल धरोहर मुद्दे पर कर्मचारी यूनियन का विरोध

## 15 मई तक समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**रोहतक।** ऑल हरियाणा कर्मचारी यूनियन (हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित) की एक अहम बैठक मंगलवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला सचिव ब्रिजराज ने की। बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेते हुए विभिन्न विभागीय मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें जल धरोहर का मुद्दा प्रमुख रहा। बैठक में कर्मचारियों ने जल धरोहर व्यवस्था को पंचायतों के अधीन देने के प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि इस फैसले से विभागीय कार्यप्रणाली प्रभावित होगी और कर्मचारियों के अधिकारों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। कर्मचारियों ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग उठाई। बैठक में यह भी बताया गया कि अधीक्षक अभियंता द्वारा 15 मई तक इस विषय में स्पष्ट निर्णय देने का आश्वासन दिया गया है। इसके साथ ही फील्ड कर्मचारियों की लंबित मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया।

## रक्षा विभाग में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी, निर्णायक मंडल में डॉ. प्रताप, डॉ. प्रोमिला, शोधार्थी जसमेर, विकास व कमल।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा पश्चिम एशिया संकट विषय पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमए प्रथम एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में तार्किक सोच, अभिव्यक्ति कौशल और समसामयिक विषयों की समझ विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर सजग और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। समूह चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने पश्चिम एशिया की वर्तमान परिस्थितियों, भू-राजनीतिक परिदृश्य, क्षेत्रीय संघर्षों, वैश्विक शक्तियों की भूमिका तथा भारत के सामरिक हितों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने तथ्यों और तार्किक तर्कों के माध्यम से विषय की गहराई को उजागर किया, जिससे कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और विचारोत्तेजक रहा।

## भैंसरू खुर्द में कचरा प्रबंधन अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। हरी झंडी दिखाकर पहल की शुरुआत करते एडीसी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने गांव भैंसरू खुर्द में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं अपशिष्ट पृथक्करण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इस पहल की शुरुआत की। इस अवसर पर एडीसी नरेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि कचरे का सही तरीके से पृथक्करण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वैज्ञानिक प्रबंधन में भी मदद करता है। गीले कचरे से खाद बनाई जा सकती है, जबकि सूखे कचरे को रीसायकल कर दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। इससे कचरे की मात्रा घटती है और संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होता है। एडीसी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों में कमी आती है और लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्वच्छ गांव न केवल रहने योग्य बनते हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## दमकल कर्मियों की हड़ताल 28वें दिन भी रही जारी




■ मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज, 10 मई तक हड़ताल बढ़ाने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के संयुक्त आह्वान पर दमकल कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को 28वें दिन भी जारी रही। रोहतक फायर स्टेशन पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की। हड़ताल की अध्यक्षता जिला प्रधान सोनू हुड्डा ने की, जबकि मंच संचालन राज्य उपप्रधान अरुण ढुल ने किया। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार उनकी न्यायोचित मांगों को नजरअंदाज कर रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों ने फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मियों रणवीर सिंह व भवीचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने, उनके परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता व सरकारी नौकरी देने, 5000 रुपये जोखिम भत्ता लागू करने तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित कई मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान विनोद व यशवंत को भूख हड़ताल पर बैठाया गया और विभिन्न संगठनों के नेताओं ने उन्हें फूलमाला पहनाकर समर्थन दिया। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को अनिश्चितकाल तक बढ़ाया जा सकता है। धरने में सर्व कर्मचारी संघ, किसान संगठनों व अन्य यूनियनों ने भी समर्थन दिया। बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## एमडीयू में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल और इमसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। ड्राइव एनआईआईटी के सहयोग से आयोजित हुई, जिसमें एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई जैसे बड़े बैंक शामिल हुए। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट मैनेजर और रिलेशनशिप मैनेजर जैसे पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की गई। कुल 48 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 25 छात्र चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। चयनित अभ्यर्थियों के नाम दूसरे राउंड के इंटरव्यू के बाद घोषित किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## एमडीयू को दो डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन मिले, अंतरराष्ट्रीय शोध पुस्तक लोकार्पण से बढ़ी वैश्विक पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया, डीन एकेडमिक अफेयर्स ए.एस. मान, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दुरेजा। फोटो :हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शोध, नवाचार और बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को दो महत्वपूर्ण डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक शोधपरक पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। एमडीयू को- मोबाइल एंड स्मार्ट वाच होल्डर विद स्टैंड (डिज़ाइन नंबर 450600-001) तथा फ़ोन होल्डर (डिज़ाइन नंबर 450599-001) के लिए डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन मिला है। ये दोनों डिज़ाइन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के नाम पर पंजीकृत किए गए हैं।

**एमडीयू में डिज़ाइन उपलब्धि और अंतरराष्ट्रीय पुस्तक का विमोचन**

इस उपलब्धि में डॉ. दीपक छाबड़ा (डिप्टी डायरेक्टर, सीआईपीआरएस और डॉ. रविंदर कुमार सहदेव (यूआईईटी प्राध्यापक) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ये डिज़ाइन क्लास 14-06 के अंतर्गत आते हैं, जो मोबाइल और वियरेबल डिवाइस से जुड़े उपकरणों के नवाचार को दर्शाते हैं। इसके साथ ही- लिग्नोकेलुलोसिस बायोमास एंड एन्ज़ाइम्सः फंडामेंटल्स, इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड ऍप्लिकेशन्स शीर्षक पुस्तक का लोकार्पण कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया द्वारा किया गया। यह पुस्तक स्प्रिंगर नेचर द्वारा प्रकाशित है। पुस्तक का संपादन माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार कपूर और यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सास की कालावती राजन ने किया है। इसमें बायोमास, एंजाइम तकनीक और उनके औद्योगिक व सतत विकास में उपयोग को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है, जो शोधार्थियों और विशेषज्ञों के लिए उपयोगी साबित होगी।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

'वन मिलियन मोर मिडवाइव्स' थीम के साथ कौशल और समर्पण का प्रदर्शन

## नर्सिंग छात्राओं ने दिखाया जीवन बचाने का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मिडवाइफरी दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "वन मिलियन मोर मिडवाइव्स" रही, जिसका उद्देश्य मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है।

यह कार्यक्रम एमएससी नर्सिंग (प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञता) विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बीएससी नर्सिंग 7वें सेमेस्टर एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक स्टेशनों की स्थापना की गई, जिनमें प्रसव पूर्व रक्तस्राव, प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच), शोल्डर डायस्टोसिया, प्री-एक्लेम्पसिया एवं एक्लेम्पसिया, नवजात पुनर्जीवन (एनआरपी) तथा बेसिक नवजात पुनर्जीवन (बेसिक एनआरपी) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इन स्टेशनों के माध्यम से छात्राओं ने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रबंधन की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया।



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्यअतिथि डॉ. पुष्पा दहिया।

### मिडवाइफरी दिवस पर छात्राओं ने मातृ-नवजात देखभाल कौशल दिखाए

कार्यक्रम में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स बलजीत, सुमित्रा, शकुंतला, सुशीला एवं अर्चना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा दहिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दाइयां मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा आपातकालीन स्थितियों की समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल संचालन में निधि मैम एवं किरण मैम द्वारा विशेष समन्वय किया गया, जिन्होंने विशेष रूप से एनआरपी एवं बेसिक एनआरपी स्टेशनों का कुशलतापूर्वक निर्देशन किया। नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्या सुनीता कुमारी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने नैदानिक ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता एवं व्यावहारिक कौशल का अत्यंत प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा सुरक्षित मातृत्व का सशक्त संदेश दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया एवं इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने पर बल दिया गया।